# कार्यपत्र-22

**1. सही उत्तर के आगे ठीक (✓) का चिह्न लगाइए।**

(क) अर्धविराम से कम समय के लिए रुकने हेतु कौन-सा विराम-चिह्न प्रयुक्त होता है? (ii) , ✓

(ख) लिखते समय यदि कोई शब्द छूट जाए तो कौन-से विराम-चिह्न का प्रयोग करके शब्द ऊपर लिखा जाता है? (iv) ‸ ✓

(ग) किसी व्यक्ति के कथनों को ज्यों का त्यों बताने के लिए किस विराम-चिह्न का प्रयोग होता है? (iii) “ ” ✓

(घ) किसी बड़े अंश को संक्षेप में बताने के लिए कौन-सा विराम-चिह्न लगता है? (ii) ◦ ✓

**2. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए।**

(क) अपने भावों को अभिव्यक्त करने, वाक्य में कहीं रुकने, कहीं बल देने आदि को प्रकट करने के लिए लिखित भाषा में कुछ चिह्नों का प्रयोग किया जाता है, उन्हें विराम-चिह्न कहते हैं।

(ख) जब वाक्य में पूर्ण विराम की अपेक्षा कम देर रुकना होता है, वहाँ अर्धविराम लगाया जाता है तथा बोलते-लिखते समय जब बहुत थोड़ी देर रुकना हो तो अल्प विराम का प्रयोग होता है।

(ग) किसी वाक्य, वाक्यांश या पद की ओर ध्यान दिलाने के लिए, विशेष अर्थ सूचित करने के लिए, किसी की उक्ति प्रकट करने के लिए अथवा नाटक में किसी पात्र का कथन प्रकट करने के लिए निर्देशक चिह्न का प्रयोग होता है। जैसे–

माता जी– बच्चो, तुम सब यहाँ तो आओ।

**3. निम्नलिखित वाक्यों में उचित विराम-चिह्न लगाइए।**

(क) मंत्री जी का भाषण सुनने के लिए बच्चे, बूढ़े, जवान सभी आए हुए थे।

(ख) “तुम मुझे खून दो, मैं तुम्हें आज़ादी दूँगा”

(ग) बापू ने कहा– “अहिंसा का पालन करो।”

(घ) ध्वनियाँ दो प्रकार की होती हैं:– स्वर और व्यंजन।

(ङ) अध्यापक ने कहा– “सभी बच्चे खड़े हो जाओ।”

(च) ओह! आज तो बहुत गर्मी है।

**4. सही मिलान कीजिए।**

| | | |
|---|---|---|
| (क) अर्धविराम | (i) | ? |
| (ख) अल्पविराम | (ii) | ! |
| (ग) विस्मयवाचक चिह्न | (iii) | , |
| (घ) प्रश्नवाचक चिह्न | (iv) | – |
| (ङ) उद्धरण चिह्न | (v) | ◦ |
| (च) योजक चिह्न | (vi) | ; |
| (छ) लाघव चिह्न | (vii) | “ ” |
| (ज) निर्देशक चिह्न | (viii) | - |

**5. निम्नलिखित विराम-चिह्नों का प्रयोग करते हुए वाक्य बनाइए।**

(क) – सविता– कैसी हो रीना?

(ख) “ ” मित्र ने कहा, “चलो समुद्र के किनारे चलें।”

(ग) ; अब फिर से प्रयत्न करो; इस बार सफलता अवश्य मिलेगी।

(घ) ‸ उसने कु‸छ पुस्तकें खरीदी हैं।

(ङ) ( ) दिनेश– (गुस्से से) मैंने कहा न, तुम नहीं जाओगे।